# परिशिष्ट

# हिन्दी साहित्यिक अभिरूचि परीक्षण प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| विद्यार्थी का नाम | : | ........................................................................ |
| विद्यालय का नाम | : | ........................................................................ |
| कक्षा | : | ............................... दिनांक .................................. |
| आयु | : | ..................................... लिंग ................................ |

## निर्देश

इस प्रपत्र में आपकी अभिरूचि मापन के लिए कई कथन दिये गये हैं तथा प्रत्येक के सामने सहमत, असहमत तथा तटस्थ का विकल्प दिया गया है, कथन पढ़ने के उपरांत आप अपनी स्वेच्छा से किसी भी विकल्प को चुन सकते है तथा उस विकल्प के नीचे सही (✓) का चिन्ह लगाकर अंकित कर सकते हैं। आपको केवल एक ही विकल्प पर सही का चिन्ह लगाना है।

इस परीक्षण के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है, परंतु आप इसे शीघ्र से शीघ्र पूरा करने का प्रयास कीजिये।

(जब तक कहा न जाये पृष्ठ मत पलटिये)

## कथन

| | कथन | विकल्प: सहमत | तटस्थ | असहमत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अपठित गद्यांशों का उत्तर देना मुझे पसंद है। | | | |
| 2. | पुस्तकालय में जाकर हिन्दी में लिखित विविध विषयों की पुस्तकें पढ़ना अच्छा लगता है। | | | |
| 3. | हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं को पढ़ना मुझे रूचिकर लगता है। | | | |
| 4. | हिन्दी कक्षा में मुझे पठन–पाठन के समय अच्छा लगता है। | | | |
| 5. | खाली समय में मुझे हिन्दी की कहानियाँ पढ़ने में कोई आनंद प्राप्त नहीं होता है। | | | |
| 6. | होर्डिंग्स पर लिखे गए वाक्यों में त्रुटि होने पर मेरा मन सुधार कार्य के लिए प्रेरित होता है। | | | |
| 7. | विद्यालय की वार्षिक पत्रिका में स्वयं लिखित लेख देना मुझे अच्छा लगता है। | | | |
| 8. | मैं हिन्दी का अंग्रेजी एवं अंग्रेजी का हिन्दी अनुवाद करने में स्वयं को समर्थ पाता/पाती हूँ। | | | |
| 9. | हिन्दी पुस्तकों व अखबारों में उपलब्ध हिन्दी छपाई व लिखाई में की गई त्रुटियों पर मैं ध्यान नहीं देता/देती हूँ। | | | |
| 10. | कोई चित्र को देख कहानी की रचना करना मुझे अच्छा लगता है। | | | |
| 11. | मैं हिन्दी के विभिन्न विषयों पर निबंध लिखने में स्वयं को सक्षम नहीं पाता/पाती हूँ। | | | |
| 12. | हिन्दी कक्षा में व्याकरण को दिया जाने वाला समय मुझे पसंद है। | | | |
| 13. | पाठ्यपुस्तक में वर्णित व्याकरण अंश को हल करना मुझे रोचक लगता है। | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | व्याकरण पर जोर देते हुए पाठ को पढ़ाने वाली विधि मुझे अच्छी लगती है। | | | |
| 15. | मुहावरे के माध्यम से किसी विषय वस्तु को समझाना या बताना मुझे अच्छा लगता है। | | | |
| 16. | खाली समय में सहपाठियों को व्याकरण का ज्ञान देने का कार्य मुझे पसंद आएगा। | | | |
| 17. | व्याकरण की विषय वस्तु को मैं सरलता से याद नहीं कर सकता/सकती हूँ। | | | |
| 18. | मुझे व्याकरण संबंधी गृह कार्य करना पसंद है। | | | |
| 19. | साथियों द्वारा बोले गए गलत वाक्यों को भी मैं स्वीकार कर लेता/लेती हूँ। | | | |
| 20. | मैं हिन्दी भाषा को बातचीत करने व समझने का एक सशक्त माध्यम मानता/मानती हूँ। | | | |
| 21. | मैं कम, पर शुद्ध व सही हिन्दी में बोलना पसंद करता/करती हूँ। | | | |
| 22. | बातचीत में हिन्दी–अंग्रेजी का मिश्रित प्रयोग किया जाना उचित है। | | | |
| 23. | बड़ों द्वारा भी भाषा के गलत प्रयोग किए जाने पर मैं उसमें सुधार करना पसंद करता/करती हूँ। | | | |
| 24. | मैं हिन्दी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती/लेता हूँ। | | | |
| 25. | हिन्दी सप्ताह का आयोजन विद्यालयों में होना बहुत जरूरी है। | | | |
| 26. | प्रातःकालीन प्रार्थनाओं में हिन्दी प्रार्थनाओं का होना उचित नहीं है। | | | |
| 27. | घर में बुजुर्गों से हिन्दी कहानियाँ सुनने में मुझे आनंद आता है। | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | आजकल के फिल्मी गाने अर्थ की अपेक्षा मनोरंजन पर अधिक ध्यान देते हुए बन रहे हैं। | | | |
| 29. | शैक्षिक भ्रमण के रूप में मैं हिन्दी भाषा प्रयोगशाला में घूमने के लिए जाना पसंद करूँगा/करूँगी। | | | |
| 30. | हिन्दी की कक्षा छोड़ना मुझे पसंद नहीं है। | | | |
| 31. | हिन्दी भाषा की शिक्षक/शिक्षिका मुझे अच्छी लगती है। | | | |
| 32. | हिन्दी के साहित्यकारों की जानकारी रखना मुझे अच्छा लगता है। | | | |
| 33. | हिन्दी की पुरस्कृत कृतियों की जानकारी रखना मुझे पसंद है। | | | |
| 34. | हिन्दी में प्रकाशित लेखों को पढ़ना मुझे पसंद नहीं है। | | | |
| 35. | मैं खाली समय में कविता का लेखन का कार्य पसंद करता/करती हूँ। | | | |

# हिन्दी मुहावरे ज्ञान की योग्यता जाँचने हेतु परीक्षण प्रपत्र

नोटः— जब तक कहा न जाए मुख्यपृष्ठ मत उलटिये।

| | | |
|---|---|---|
| विद्यार्थी का नाम | : | ................................................................................ |
| विद्यालय का नाम | : | ................................................................................ |
| कक्षा | : | ................................ दिनांक .................................... |
| आयु | : | ...................................... लिंग ................................ |

## निर्देश

1. जब आपसे कार्य प्रारंभ करने को कहा जाये तब सावधानी व शीघ्रतापूर्वक सभी प्रश्नों के उत्तर हल करने का प्रयत्न कीजिये।

2. दिये गये प्रश्नों का उत्तर बिना पूछताछ के स्वज्ञान के आधार पर दीजिये।

3. यदि कोई प्रश्न न आये तो उसे छोड़ दीजिए।

4. इस प्रपत्र में मुहावरे दिये जा रहे हैं व उनके सामने तीन अन्य कथन भी दिये जा रहे हैं इनमें से कोई एक कथन मुहावरे का सही अर्थ बताने वाला है आप स्वज्ञान के आधार पर सही अर्थ बताने वाले कथन (अ/ब/स में से किसी एक) पर सही (✓) का चिन्ह अंकित करो।

# मुहावरे

1. अंगारे उगलना।
   - अ. आग से खेलना।
   - ब. क्रोध में कठोर वचन बोलना।
   - स. आग जलाना।
2. आड़े हाथों लेना।
   - अ. हाथ टूट जाना।
   - ब. खरी खोटी सुनाना।
   - स. हाथ आड़ा, करके वस्तु को पकड़ना।
3. आपे से बाहर होना।
   - अ. क्रोध में सुध – बुध खो देना।
   - ब. घूमने जाना।
   - स. घर से निकाल देना।
4. आग बबूला होना।
   - अ. कोई चीज गर्म होना।
   - ब. आग का बबूल के कांटे समान बन जाना।
   - स. बहुत क्रोध करना।
5. बरस पड़ना।
   - अ. क्रोधित होना।
   - ब. बारिश होना।
   - स. गिर पड़ना।
6. लाल पीला होना।
   - अ. रंग बिरंगा होना।
   - ब. चित्रकार बनना।
   - स. अत्यधिक क्रोधित होना।
7. आँखे दिखाना।
   - अ. आँखों में खराबी आना।
   - ब. क्रोध से देखना।
   - स. समझाना आँखों के द्वारा।
8. ईंट का जवाब पत्थर से देना।
   - अ. ईंट पत्थर का घर बनाना।
   - ब. दुष्ट की दुष्टता से बढ़कर दुष्टता करना।
   - स. युद्ध करना।
9. कमर बाँधना।
   - अ. कमर में दर्द होना।
   - ब. दुश्मन को बाँध देना।

स. तैयार होना।

10. घुटने टेकना।
- अ. हार मानना।
- ब. घुटने मोड़कर बैठ जाना।
- स. घुटने की सहायता से चलना।

11. उल्लू बनाना।
- अ. चित्रकारी करना।
- ब. खेल खेलना।
- स. मूर्ख बनाना।

12. ऊँट के मुँह में जीरा।
- अ. बहुत थोड़ी चीज प्राप्त होना।
- ब. ऊँट का पेट नहीं भरना।
- स. ऊँट को जीरा पसंद होना।

13. मक्खियाँ मारना।
- अ. समय व्यर्थ करना।
- ब. घर की मक्खियों को मार देना।
- स. कोई खेल खेलना।

14. आस्तीन का साँप
- अ. कपटी/ विश्वासघाती मित्र
- ब. आस्तीन के बराबर साँप
- स. लकड़ी का कोई खिलौना।

15. घोड़े बेचकर सोना
- अ. बाजार में घोड़े को बेच आना।
- ब. निश्चित होकर सोना।
- स. व्यर्थ सोकर समय बरबाद करना।

16. पेट में चूहे दौड़ना
- अ. घर में बहुत अधिक चूहों का होना।
- ब. चूहे मार दवाई खा लेना।
- स. अत्यधिक भूख लगना।

17. मगरमच्छ के आँसू बहाना।
- अ. कष्ट होने पर मगरमच्छ का रो पड़ना।
- ब. झूठा दिखावा करना।
- स. आंसुओं का कीमती होना।

18. अँगुली पर नाचना
- अ. अंगुलियों का मटकाना।
- ब. अपने अनुसार सब काम करवाना।
- स. अपनी मनमानी करना।

19. आँखों का तारा
अ. अत्यधिक लाडला होना।
ब. आँखों की पुतलियाँ।
स. आसमान का एकमात्र ध्रुव तारा।

20. एड़ी चोटी का जोर लगाना
अ. एड़ी से चोटी तक स्वयं को सुंदर बनाना।
ब. अत्यधिक मेहनत करना।
स. जोर लगाकर कोई चीज को खींचना।

21. छोटा मुँह बड़ी बात
अ. बालक द्वारा बात करना सीखना।
ब. कोई नई भाषा को सीखना।
स. बढ़ चढ़कर बोलना।

22. जान हथेली पर रखना।
अ. जोखिम भरा कार्य करना।
ब. बीमार होना।
स. हाथों में उम्र की रेखा न होना।

23. टाँग अड़ाना
अ. किसी को गिरा देना।
ब. रूकावट डालना/दखल देना।
स. पैरों से किसी को कुचल देना।

24. नाक में दम करना
अ. बहुत तंग करना।
ब. नाक में सांस लेने में दिक्कत होना।
स. अत्यधिक मस्ती करना।

25. बगुला भगत
अ. चालाक (कपटी) साथी होना।
ब. बगुले का पुजारी बन जाना।
स. भगत (पंडित) द्वारा बगुले का भेष धारण कर लेना।

# हिन्दी मुहावरे के ज्ञान के स्त्रोत ज्ञात करने हेतु प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| विद्यार्थी का नाम | : | ........................................................................................ |
| विद्यालय का नाम | : | ........................................................................................ |
| कक्षा | : | ................................. दिनांक .................................... |
| आयु | : | ........................................ लिंग .................................. |

## निर्देश

इस प्रपत्र में कुछ प्रचलित मुहावरे दिए गए हैं, अगर आपको इन मुहावरों का ज्ञान है तो उसके आगे सही (✓) का चिन्ह लगाइए, तदुपरांत यह भी बताइये की ये ज्ञान आपको इन विकल्पों में से कहाँ से प्राप्त हुआ है :–

(अ) किताब (ब) शिक्षक (स) माता पिता (द) अन्य

प्रपत्र में कथनों के आगे स्त्रोतों के लिए दिए गए कोड वर्ण अ/ब/स/द को ही लिखें।

| मुहावरे | जानकारी | | स्त्रोत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हाँ | नहीं | अ | ब | स | द |
| 1. बाएँ हाथ का खेल | | | | | | |
| 2. जले पर नमक छिड़कना | | | | | | |
| 3. मुंह में पानी आना | | | | | | |
| 4. काला अक्षर भैंस बराबर | | | | | | |
| 5. डूबते को तिनके का सहारा | | | | | | |
| 6. नमक मिर्च लगाकर कहना | | | | | | |
| 7. गिरगिट की तरह रंग बदलना | | | | | | |
| 8. दिन में तारे नजर आना | | | | | | |
| 9. अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना | | | | | | |
| 10. डींग मारना | | | | | | |